# कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश

मध्ययप्रदेश निर्वाचन सदन, 17–अरेरा हिल्स, भोपाल

## लोकसभा निर्वाचन 2024– चतुर्थ चरण

प्रेस कान्फ्रेंस दिनांक **13/05/2024**

### सामान्य जानकारी :–

लोकसभा निर्वाचन 2024 के चतुर्थ चरण हेतु कुल 74 अभ्यर्थी हैं, जिनमें 69 पुरूष, 05 महिला अभ्यर्थी निर्वाचन प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं।

चतुर्थ चरण के सभी 8 लोकसभा क्षेत्रों में सुबह 07:00 बजे से सायं 06 बजे तक मतदान सम्पन्न किया जायेगा। प्रदेश के 8 लोकसभा क्षेत्रों हेतु आज दिनांक 13 मई (सोमवार) को प्रातः 7:00 बजे से मतदान प्रारम्भ हो गया है।

मतदान प्रारम्भ होने के पूर्व प्रातः 5:30 से 7:00 बजे के मध्य सभी 18,007 मतदान केंद्रों पर मॉक पोल सम्पन्न किया गया है। मॉकपॉल के दौरान कतिपय मतदान केन्द्रों पर मशीन सेक्टर अधिकारी के पास उपलब्ध रिर्जव मशीनों में से 47 BU, 48 CU एवं 90 VVPAT बदलने की कार्यवाही की गई।

मतदान प्रारम्भ होने के पश्चात EVM के non-functional होने पर सेक्टर अधिकारी के पास उपलब्ध रिर्जव मशीनों में से– 13 BU, 13 CU एवं 35 VVPAT बदलने की कार्यवाही की गई है।

### निर्वाचन व्यय नियंत्रण :–

निर्वाचन व्यय नियंत्रण के अन्तर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक की गई जप्ती का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | लोकसभा निर्वाचन 2024 | |
|---|---|---|
| 1. | अवैध नगद | 24.09 करोड़ रूपए |
| 2. | अवैध शराब | 32.45 लाख लीटर<br>कीमतः 47.43 करोड़ रूपए |
| 3. | अवैध सोना/चॉदी | 2492.34 कि.ग्रा.<br>कीमतः 15.35 करोड़ रूपए |
| 4. | अवैध मादक पदार्थ | 30,227.09 कि.ग्रा.<br>कीमतः 36.65 करोड़ रूपए |
| 5. | अन्य सामग्री | 175.51 करोड़ रूपए |
| **योग** | | **299.03** करोड़ रूपए |

विगत 24 घंटो में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक की गई जब्ती का विवरण निम्नानुसार है :—

| क्रमांक | लोकसभा निर्वाचन 2024 **(Phase-4)** | |
|---|---|---|
| 1. | अवैध नगद | 5.9 लाख |
| 2. | अवैध शराब | 33,981 Ltr मूल्य 40.62 लाख |
| 3. | अवैध सोना / चॉंदी | — |
| 4. | अवैध मादक पदार्थ | — |
| 5. | अन्य सामग्री | 70.70 लाख |
| योग | | **1.17** करोड़ |

प्रातः 11:00 बजे तक चतुर्थ चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर **32.38** प्रतिशत मतदान किया जा चुका है।